DR. BHIMRAO AMBEDKAR LAW UNIVERSITY, JAIPUR
डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर
(A State Funded University of Rajasthan)
(राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय)
("RUSA BHAWAN", Shiksha Sankul, JLN Marg, Jaipur – 302015)
(रूसा ब्लॉक– भूतल, डॉ. आर. के. शिक्षा संकुल, जयपुर–302015)
Phone No- 0141-2940506, 0141-4082630
www.alujaipur.ac.in Email- coe@alujaipur.ac.in

क्र. प.4(3)परीक्षा / अविवि / 2023–24 / 203 दिनांकः 23 APR 2024

कार्यालय आदेश

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त विधि महाविद्यालयों के बी.ए. एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर परीक्षा 2023–24 के परीक्षार्थियों, महाविद्यालयों व परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राधीक्षकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त पाठ्यक्रम की दिनांक 06 अप्रैल, 2024 (शनिवार) को आयोजित परीक्षा, विषय General English (English-I) कोड 3001, जो कि नवीन पाठ्यक्रमानुसार आयोजित होनी थी, के प्रश्न–पत्र में विसंगति पाई गई है। विभिन्न परीक्षा केन्द्रों से अग्रेषित परीक्षार्थियों के अभ्यावेदनों को विश्वविद्यालय की सक्षम स्थायी परिवेदना निवारण समिति (Standing Grievance Redressal Committee) के समक्ष उचित अनुशंसा हेतु रखा गया। विश्वविद्यालय समिति द्वारा प्रश्न–पत्र, लागू पाठ्यक्रम, परीक्षक का पक्ष इत्यादि का उचित अवलोकन कर अनुशंसित किया है कि उक्त दिवस (06.04.2024) को आयोजित विषय General English (English-I) कोड 3001 की परीक्षा को निरस्त किया जावे तथा आगामी दिनांक को नवीन प्रश्न–पत्र से बी.ए. एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर सत्र 2023–24 विषय General English (English-I) कोड 3001 की परीक्षा समान परीक्षा केन्द्रों पर पुनः आयोजित की जावे।

समिति की अनुशंसा का सक्षम स्तर से अनुमोदन पश्चात् समस्त परीक्षार्थियों, महाविद्यालयों व परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राधीक्षकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बी.ए. एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर सत्र 2023–24 की दिनांक 06.04.2024 (शनिवार) को आयोजित General English (English-I) कोड 3001 परीक्षा एतद् द्वारा निरस्त की जाती है तथा उक्त निरस्त परीक्षा का पुनः आयोजन नवीन प्रश्न–पत्र द्वारा दिनांक 29.04.2024 (सोमवार) को दोपहर 11.00 बजे से सांय 02.00 बजे की पारी में पूर्व घोषित समान परीक्षा केन्द्रों पर किया जावेगा।

कृपया उक्त आदेश से समस्त परीक्षार्थी सूचित हों व अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर उक्त विषय की परीक्षा देना सुनिश्चित करें। नवीन निर्धारित परीक्षा दिवस पर अनुपस्थिति की दशा में छात्र का परीक्षा परिणाम संबंधित विषय में अनुपस्थित घोषित कर जारी किया जावेगा। समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय प्राचार्यो व परीक्षा केन्द्र केन्द्राधीक्षकों से आग्रह है कि उक्त आदेश से समस्त संबंधित परीक्षार्थियों को अनिवार्य रूप से नोट करावें व नवीन निर्धारित दिनांक 29.04.2024 (सोमवार) को दोपहर 11.00 बजे से सांय 02.00 बजे की पारी में परीक्षा का आयोजन करावें। परीक्षा सामग्री विश्वविद्यालय द्वारा पृथक से प्रेषित की जावेगी।

नवीन घोषित परीक्षा कार्यक्रम

B.A. LL.B. I SEMESTER END TERM EXAMINATION 2023-24

S. No.	Date and Day	Time	Paper Code	Paper No.	Subject / Paper Name
01	29.04.2024 (Monday)	11.00 A.M. to 02.00 P.M.	3001	1.1	General English (Only for Regular Candidates)

यह आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदन पश्चात् जारी किया गया है।

कुलसचिव

क्र. प.4(3)परीक्षा / अविवि / 2023–24 / 204-214 दिनांकः 23 APR 2024

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. समस्त परीक्षार्थी – बी.ए. एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर (प्रवेश सत्र 2023–24)
2. समस्त केन्द्राधीक्षक – विश्वविद्यालय परीक्षा केन्द्र – कृपया उक्तानुसार परीक्षार्थीयों को सूचित कर नवीन निर्धारित दिनांक को परीक्षा आयोजित करावें।
3. समस्त प्राचार्य –सम्बद्ध महाविद्यालय कृपया उक्तानुसार समस्त संबंधित छात्र–छात्राओं को अनिवार्य रूप से सूचित करें।
4. वित्त नियंत्रक, डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर।
5. उप कुलसचिव (परीक्षा) डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर।
6. एसीपी, डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर – कृपया वेबसाईट पर अपलोड करें।
7. डाटा प्रोसेसिंग एजेन्सी। उक्तानुसार पुनः परीक्षा आयोजन की समस्त आवश्यक कार्यवाही करावें।
8. गोपनीय कोरियर सर्विस – उक्तानुसार कार्यवाही करावें।
9. निजी सहायक कुलपति / निजी सहायक कुलसचिव, डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि वि.वि. जयपुर।
10. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक

O/C

OP1 English Letter MS